DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE Day

Wednesday **20260506**

.

GLP-ersonality: When weight loss drugs weigh on behaviour

Docs see patients sporting irritability and loss of drive. The answer may lie in dopamine, the brain's reward system

[illegible]@timesofindia.com

'I don't feel like doing anything now – [illegible]'

This [illegible]-year-old retired government teacher from Delhi has been on GLP-1 drugs for more than a year to manage diabetes. The marked weight loss was expected, but as the months went by, irritability set in along with lethargy and subsequent lack of motivation to do even routine activities. To those who knew her, it seemed like a personality change. A month gap in medication while [illegible] in the US briefly lifted her spirits. But as her blood sugar and weight rose, she went back to her [illegible] medication. That [illegible], but the symptoms returned.

A [illegible]-year-old Chennai resident who started weight loss drugs seemed "[illegible] low on battery" as the weeks went by. [illegible] he once [illegible] began to feel like a burden. [illegible] dropped a good [illegible], but [illegible] brought [illegible] and [illegible]. Only after upping protein intake and adjusting GLP-1 dose did he begin to feel "normal" again. A [illegible]-year-old CA from Delhi continues to work long hours while on GLP-1 drugs, but admits to feeling "[illegible]" with a tendency to delay tasks.

WHEN EMOTIONS FALL FLAT

Though such cases aren't rampant, doctors are beginning to see a pattern. Some patients describe the subtle dulling of response — not just to food but to everyday pleasures, manifesting as a general lack of enthusiasm. [illegible]

"I would be anhedonia, which is a broad loss of pleasure across multiple aspects of life — not just reduced interest in food," points out Dr Rajesh Sagar, professor of psychiatry at AIIMS, Delhi, attributing it to the possible influence of GLP-1 drugs on dopamine-related reward pathways in the brain that go beyond appetite control. "It's biologically plausible, but not yet proven. These drugs act not only on the pancreas and gut but also on brain regions linked to reward and behaviour," he says.

While anhedonia could be a symptom of depression, Chennai-based diabetologist Dr V Mohan insists what these GLP-1 patients are feeling is more tiredness and reduced drive than depression. "Patients often report low energy and a reluctance to get up or do anything. A few even say they don't feel like talking or engaging with others. In my experience, these symptoms are often reversible. Adjusting the dose, improving nutrition or increasing protein intake has helped several patients regain energy. And many others report the opposite effect — better mood and confidence after losing weight," he says.

Dr Ambrish Mithal, head of endocrinology and diabetes at Max Healthcare, explains that since GLP-1 drugs act on brain circuits that shape cravings and pleasure, they reduce the enjoyment from food which automatically helps with weight loss. "But in some people, that effect can extend further, with some patients reporting less excitement or enjoyment in daily life. It's more of a [illegible] of emotions than depression," he says, adding that such cases are uncommon and usually manageable with dose changes or monitoring. Dr Sagar says fatigue after starting GLP-1 drugs is often drug related if it appears soon after initiation or dose increases, and is linked to side effects like nausea, poor intake or dehydration.

MOOD NEEDS MONITORING

It's difficult to separate cause and effect when multiple conditions overlap, says Dr Ravinder Goswami, a senior endocrinologist at AIIMS. "Obesity, anxiety and low mood often coexist. Each can influence the other. It becomes a chicken-and-egg question — what leads to what is not always clear."

A June 2025 study published in Innovations in Clinical Neuroscience reported a case where a [illegible]-year-old woman with diabetes and a history of depression had been given semaglutide once a week. After [illegible] months, she showed irritability, anxiety and a loss of interest in activities she used to enjoy. When it began to interfere with daily life, she was taken off the drug. Her mood improved and over the next few weeks, she began feeling like herself again. The researchers couldn't pinpoint whether her symptoms were owing to "pre-existing susceptibility" or "triggered by primary effects on [illegible]". They concluded that while prescribing GLP-1 drugs, doctors should keep in mind the "potential risk of negative mood changes and monitor patients closely."

Dr Sagar insists that all patients on GLP-1 therapy should be monitored for mood or behavioural changes, especially those with prior psychiatric illness or body image concerns. "Psychiatric referral is needed if there are suicidal thoughts, worsening depression, social withdrawal or major behavioural changes," he says.

Dr Goswami says we shouldn't be drawing conclusions too soon as current evidence is still evolving and large, long-term studies involving thousands of patients are needed. These should ideally compare patients with and without pre-existing mental health conditions and track outcomes over time. Till then, doctors must rely on clinical judgement. He also cautions against casual use. "These medicines should be reserved for patients with clear medical need — such as obesity linked to diabetes, hypertension or heart disease — and not for cosmetic weight loss. Lifestyle measures, especially regular physical activity, remain essential."

AWARENESS, NOT ALARM

Emerging research also suggests GLP-1 drugs have a possible protective effect on mental health. A recent study in The Lancet Psychiatry, involving about [illegible] people with diabetes or obesity, found that those on semaglutide were less likely to see their depression or anxiety worsen, with a lower risk of substance use disorders and self-harm. Another, published in the BMJ, based on over [illegible] patients, showed people on GLP-1 drugs had reduced risks of addictions — including alcohol, nicotine and opioids. However, researchers caution that the results show association, not direct cause, and more clinical trials are needed.

Doctors say it is not one-sided. For many, these drugs improve physical and mental health. For a smaller group, they may bring fatigue or a subtle emotional dulling. The key is awareness — not alarm. Patients [illegible] stop medication on their own. Any shift in mood, energy or behaviour should be discussed with a doctor. In most cases, small adjustments can make a huge difference.

HOW DRUG TAKES AWAY DOPAMINE PRIZE

GLP-1 drugs can dampen brain's dopamine pathways that regulate key physiological and behavioural processes like these:

■ **Pleasure:** GLP-1 receptors are found in Nucleus Accumbens (brain's primary pleasure centre). Suppressing dopamine signalling can potentially cause anhedonia, which reduces ability to feel pleasure from activities one used to enjoy

■ **Reward:** Highs of daily life may begin to fall flat, numbing emotions. Some may lose interest in hobbies, social interactions, other non-food rewards

■ **Drive:** 'Get-up-and-go' motivation declines, bringing on reluctance to perform physically and mentally demanding tasks

■ **Daily function:** Reward system is closely tied to prefrontal cortex, so significant changes in dopamine levels can sometimes affect focus & ability to plan or execute goal-oriented tasks

> What these patients are feeling is more tiredness and reduced drive than depression. These symptoms are often reversible
>
> **Dr V Mohan**, DIABETOLOGIST

TIPS, TRENDS & TECH

KNOW YOUR VITAL STATS

Move over, gummies. There's enough magnesium in daily diet

Magnesium is now most popular among supplements for its ability to improve sleep quality. It has several other health benefits, from blood sugar control to better bone and heart health. But you don't need a pill, powder or gummy to get your daily dose. Here's how you can get enough from your diet

Daily need (Men / Women)

	Men	Women
19-30	400mg	310
31 & older	420	320
Pregnant		350

Common foods with more of it:

Food	Magnesium	% of daily need
Pumpkin seeds (1 ounce)	156mg	37% of daily need
Chia seeds (1 ounce)	111mg	26%
Dry roasted almond (1 ounce)	80mg	19%
Boiled spinach (1/2 cup)	78mg	19%
Dry roasted cashew (1 ounce)	74mg	18%
Roasted peanuts (1/4 cup)	63mg	15%
Cooked black beans (1/2 cup)	60mg	14%

Magnesium helps with...

Less stress, better sleep: Regulates central nervous system & stress-response systems. Also helps produce 'sleep hormone' melatonin

More energy, better metabolism: Helps create, use primary energy carrier molecule in cells. Helps break down glucose, fats into energy

Healthy heart, glucose control: A natural calcium blocker, it helps blood vessels relax. Aids insulin sensitivity with glucose transport

Muscle function, movement: Relaxes muscle, prevents contractions or spasms. Supports movement & spatial awareness

Better bone density: Skeleton has around 60% of body's magnesium. Contributes to structural matrix of bone tissue and influences bone remodeling

> The body has clever ways to try to hold on to magnesium better. But even if you don't have a deficiency, if you have a poor dietary intake of magnesium, you can still be at increased risk of cardiovascular disease, insulin resistance and high blood pressure
>
> **Bethany Marie Doerfler**, [illegible] NORTHWESTERN MEDICINE [illegible] HEALTH CENTER, CHICAGO

Source: The Washington Post

Email your feedback to toihealth.plus@timesofindia.com with Health Plus in the subject line. [illegible]

DANCE of DEMOCRACY

अध्ययन | ब्रिटिश मेडिकल जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित शोध में किया गया दावा, हर साल 1.20 लाख मौतों को कम किया जा सकता है

भोजन सही मिले तो टीबी के मरीज मौत को मात दे पाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। सही खानपान के साथ टीबी से जंग आसान हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि दवा के साथ पौष्टिक आहार मिले तो मौत का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने नेशनल ट्यूबरक्यूलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम (एनटीईपी) के सहयोग से किए गए अध्ययन में पाया कि 94 प्रतिशत मामलों में पीड़ितों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भोजन सहायता एक असरदार तरीका है। शोध के निष्कर्ष ब्रिटिश मेडिकल जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित हुए हैं।

जागरुकता की कमी : अध्ययन के प्रमुख लेखक और बोस्टन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ मेडिसिन में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रणय सिन्हा बताते हैं कि भारत में टीबी को लेकर अभी भी जागरुकता की कमी है। शुरुआती लक्षणों की अनदेखी से यह बीमारी जानलेवा बन जाती है। इससे बचाव के लिए करीब 28 लाख लोगों को अच्छा भोजन जरूरी है। अच्छा भोजन मिले तो भारत में हर वर्ष करीब सवा लाख मौतें रोकी जा सकती हैं।

कुपोषण है सबसे बड़ा कारण: शोधकर्ताओं ने बताया कि कुपोषण ही टीबी का सबसे बड़ा कारण है। पौष्टिक भोजन नहीं मिलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसके बाद इलाज में कमी बड़ी संख्या में मौतों का कारण बनता है।

94 फीसदी मामलों में अच्छा भोजन रोग से लड़ने में असरदार

10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत होती है हर साल बीमारी से

सबसे संक्रामक बीमारी

आंकड़े बताते हैं कि टीबी आज भी दुनिया में सबसे ज्यादा जान लेने वाली संक्रामक बीमारी है। हर साल एक करोड़ से अधिक लोग टीबी से संक्रमित होते हैं और 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। बता दें कि पिछले 100 वर्षों में इस बीमारी के लिए कोई नया टीका विकसित नहीं हो पाया है, जो वयस्कों और किशोरों के लिए प्रभावी हो।

...तो बदलेगी तस्वीर: एनटीईपी की पूर्व उप महानिदेशक उर्वशी सिंह कहती हैं कि जब तक हम टीबी के लिए प्रभावी टीकों का इंतजार कर रहे हैं, तब तक भोजन ही वह टीका है जो हमारे पास पहले से मौजूद है। प्रभावित परिवारों को पौष्टिक भोजन टीबी को खत्म करने में सबसे प्रभावशाली कदम हो सकता है। रिपोर्ट में द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन का भी जिक्र है। अगस्त 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया कि प्रोटीन और मल्टीविटामिन से भरपूर पोषण संबंधी सहायता ने भारत में टीबी के नए मामलों को लगभग आधा कर दिया।

The Times of I[...]

WHO: Human to human hantavirus spread on ship pose low public risk

Reuters
London, Amsterdam, May 5

THE WORLD Health Organization said on Tuesday that it suspects some rare human to human transmission of the deadly hantavirus took place between very close contacts on board a cruise ship hit by seven confirmed or suspected cases.

Human to human transmission is not common, and the UN health agency reiterated that the risk to the wider public was low from a disease typically spread from contact with infected rodents.

A Dutch couple and a German national have died, while a British national was evacuated from ship and is in intensive care in South Africa, officials said.

Two crew members require urgent medical care, the Dutch-flagged *MV Hondius* ship's operator, Oceanwide Expeditions, said. Another person on board with a suspected case has only reported a mild fever.

The Dutch foreign ministry said it was preparing the medical evacuation of three people to the Netherlands. It was not yet clear when or where the nearly 150 other people still onboard would disembark.

The cruise ship hit by the deadly outbreak is moored off Cape Verde. The island nation off West Africa was meant to be its final destination but it has not allowed the vessel to put passengers ashore because of outbreak.

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

स्वस्थ जीवन की पौष्टिक खुराक है ध्यान और योग

संजय तेवतिया NBT

स्वास्थ्य का अर्थ सिर्फ शरीर का ठीक होना नहीं, मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी है। इसके लिए आध्यात्मिक जीवनशैली जरूरी है। इसका मतलब किसी धर्म विशेष से जुड़ जाना नहीं है, बल्कि भीतर की शांति, संतुलन और जागरूकता को खुद पहचानना है।

मानसिक स्वास्थ्य में ध्यान, प्रार्थना और आत्म-चिंतन की महत्वपूर्ण भूमिका है। WHO और American Psychological Association की रिपोर्ट्स बताती हैं कि नियमित ध्यान करने से तनाव, चिंता और अवसाद के लक्षणों में कमी आती है। माइंडफुलनेस मेडिटेशन पर हुए अध्ययनों में पाया गया है कि यह मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करता है, जो भावनात्मक संतुलन और निर्णय लेने की क्षमता से जुड़े होते हैं। साथ ही, यह कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के स्तर को कम करता है, जिससे व्यक्ति अधिक शांत और फोकस्ड रहता है।

कठोपनिषद में कहा गया है, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।' यानी उठो, जागो और श्रेष्ठ व्यक्ति के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो। यहां चेतना को जागृत करने का संदेश है। भगवद्गीता में भी कहा गया है, 'योगः कर्मसु कौशलम्।' यानी योग से कर्म में कुशलता आती है। हाल के वर्षों में, खासकर कोरोना महामारी के बाद, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ी है। बढ़ते तनाव और अकेलेपन ने ध्यान व योग जैसी गतिविधियों को फिर से जीवन का हिस्सा बना दिया है।

उच्चस्तरीय समिति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जल्द लागू हो सकता है फैसला

तैयारी: कृत्रिम पनीर की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगेगा

हि विशेष

■ **प्रियंका शर्मा**

नई दिल्ली। सरकार बाजार में बिकने वाले कृत्रिम पनीर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फैसला लिया है कि कम पोषण वाले और सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले दिखावटी पनीर को बाजार से पूरी तरह बाहर किया जाएगा। मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस मामले में बनी एक उच्चस्तरीय समिति ने अक्टूबर 2025 में इस प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया था, जिसे मार्च 2026 की बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। समिति का कहना था कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी उत्पादक देश है, लेकिन इसके बावजूद बाजार में बड़ी मात्रा में सस्ता कृत्रिम पनीर बेचा जा रहा है। यह असली पनीर जैसा दिखता और स्वाद में मिलता-जुलता होता है, जिससे आम ग्राहक के लिए पहचान करना मुश्किल हो जाता है और वह भ्रमित होता है। इसी वजह से इसे बाजार से चरणबद्ध तरीके से हटाने की योजना बनाई जा रही है। वर्तमान में कृत्रिम पनीर की बिक्री पर पूरी तरह रोक नहीं है। देश में करीब 1,000 ऐसी कंपनियां या कारोबारी हैं, जिनके पास इसे बनाने का लाइसेंस है। नई नीति के तहत अब नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे और मौजूदा कंपनियों को अपना स्टॉक खत्म करने और उत्पादन बंद करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा।

कीमत में भारी अंतर

अधिकारियों के अनुसार, असली ब्रांडेड पनीर की कीमत करीब 450 रुपये प्रति किलो तक होती है, जबकि खुले में बिकने वाला कृत्रिम या बिना ब्रांड वाला पनीर 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिकता है।

11

अरब डॉलर के करीब पहुंच सकता है पनीर का बाजार

इसलिए पड़ी जरूरत

बीते कुछ समय से बाजार में 'कृत्रिम पनीर' का चलन तेजी से बढ़ा है। यह एक सस्ता विकल्प है, जिसे ताजे दूध की बजाय मुख्यतः पाम ऑयल, मिल्क पाउडर, स्टार्च और इमल्सीफायर्स से बनाया जाता है। यह दिखने और बनावट में असली पनीर जैसा होता है, लेकिन इसकी गुणवत्ता और पोषण मूल्य दूध से बने पनीर की तुलना में काफी कम होता है। यह कृत्रिम पनीर सस्ता होने के कारण कई रेस्तरां में उपयोग किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को भ्रम होता है।

लगातार बढ़ रहा बाजार

उत्तर भारत में खासतौर पर पनीर प्रोटीन का प्रमुख स्रोत माना जाता है। यही कारण है कि भारत का पनीर बाजार 10.8 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। मार्केट रिसर्च कंपनी आईएमएआरसी के अनुसार, वर्ष 2033 तक भारतीय पनीर बाजार के 22.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 8.7% रहने की संभावना है।

स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कृत्रिम पनीर में प्रोटीन की मात्रा बहुत कम और फैट बहुत ज्यादा होता है। इसके नियमित सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। इससे शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध पैदा हो सकता है, जो टाइप-2 डायबिटीज का कारण बन सकता है।

mint

चांदी 1,500 रुपये

तैयारी

नड्डा ने की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक की सह-अध्यक्षता, नवाचार बढ़ाने पर रहा जोर

भारत-जापान स्वास्थ्य सहयोग पर सहमत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और जापान ने मंगलवार को स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग, स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार लाने तथा नवाचार को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है।

नड्डा भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य देखभाल पर तीसरी संयुक्त समिति (जेसीएम) की बैठक में बोल रहे थे।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में दोनों देशों ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, मजबूत चिकित्सा आपूर्ति शृंखला और डिजिटल स्वास्थ्य में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक की सह-अध्यक्षता नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति मंत्री किमी ओनोदा ने की। नड्डा ने कहा कि यह बैठक दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य तंत्र मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री नड्डा की मौजूदगी में भारत मंडपम में आयोजित हुई बैठक

यह संबंध विभिन्न क्षेत्रों में एक सदी से अधिक के जुड़ाव पर आधारित है और उन्होंने सबका साथ, सबका विकास के मार्गदर्शक सिद्धांत के तहत समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

जापान की मंत्री किमी ओनोदा ने भी कहा कि उनका देश तकनीक, शोध और नवाचार के माध्यम से भारत के साथ सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। बैठक में गैर-संचारी रोगों, चिकित्सा आपूर्ति, डिजिटल स्वास्थ्य और मानव संसाधन विकास जैसे प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। भारत ने अपनी दवा और चिकित्सा उपकरण निर्माण क्षमता पर जोर देते हुए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के प्रयासों को साझा किया।

वहीं, जापान ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सहयोग से मजबूत आपूर्ति व्यवस्था का अपना मॉडल प्रस्तुत किया। मानव संसाधन विकास के तहत दोनों देशों ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण, आदान-प्रदान और संयुक्त शोध कार्यक्रमों को बढ़ाने पर सहमति जताई।

नवजात के दिल की हुई सफल सर्जरी

अखरोट के आकार का था नवजात का दिल

नई दिल्ली। दिल्ली के निजी अस्पताल ने एक नवजात के अखरोट आकार के दिल की ओपन हार्ट सर्जरी कर डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी है।

जन्म लेने के 24 घंटे के अंदर डॉक्टरों ने नवजात की सर्जरी कर जान बचाई है। नवजात को जन्मजात दुर्लभ इंफ्राडायफ्रैगमेटिक टोटल एनोमलस पल्मोनरी वीनस कनेक्शन (टीएपीवीसी) हृदय की बीमारी थी। नवजात को जन्म लेने के बाद ओखला स्थित निजी अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। अस्पताल में पीडियाट्रिक एवं कंजेनाइटल हार्ट सर्जरी के प्रमुख डॉ. के एस अय्यर और पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. आशुतोष मारवाह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी को अंजाम दिया।

चार घंटे तक चली सर्जरी में नवजात की ओपन हार्ट सर्जरी की गई। इसमें ऑक्सीजन से भरपूर रक्तप्रवाह को हृदय के बायीं ओर भेजा गया। डॉ. केएस अय्यर ने बताया कि नवजात की बीमारी के बारे में गर्भावस्था के छठें हफ्ते में रूटीन एंटीनेटल अल्ट्रासाउंड के दौरान पता चला। फिर इसकी पुष्टि फीटल इकोकार्डियोग्राफी में हुई। यह सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी। दिल का आकार अखरोट के आकार की तरह था। इस सर्जरी टीम में डॉ पार्वती अय्यर और डॉ. विक्रम अग्रवाल भी शामिल रहे। ब्यूरो

TERMINATION OF TEEN'S 30-WEEK PREGNANCY

The Indian Express

The infant, born with disabilities, has 80% survival rate: AIIMS to SC

Express News Service
New Delhi, May 5

THE SUPREME Court on Monday dropped contempt of court proceedings against AIIMS Delhi after the hospital confirmed it had complied with directions to medically terminate the 30-week pregnancy of a 15-year-old girl.

Appearing for AIIMS, Additional Solicitor General (ASG) Aishwarya Bhati informed a bench of Justices B V Nagarathna and Ujjal Bhuyan that the medical termination of pregnancy resulted in the birth of a baby boy. The ASG reported that the infant, born with certain disabilities, has 80% survival rate and is in the neonatal intensive care unit (NICU).

The contempt petition was originally filed by the minor's mother, alleging that AIIMS had failed to comply with an April 24 court order authorising the termination. AIIMS initially hesitated, seeking a review and later filed a curative petition, both of which were dismissed. The institute argued that at 30 weeks, the procedure carried a high risk of the child being born alive with congenital disabilities, and suggested allowing the foetus a few more weeks to grow to ensure a healthy delivery for adoption.

However, the SC emphasised that forcing the minor to carry an "unwanted pregnancy" to term would violate her fundamental right to reproductive autonomy under Article 21 of the Constitution and issued a contempt notice. On Monday, Justice Nagarathna admitted the difficulty of the situation. "It's not easy for us here. There is nobody who is winning, nobody is losing this. But then we have to take a decision without emotion. I hope it doesn't come to this again in the sense that we don't want any more unwanted pregnancies coming for termination," the judge said.

Explaining why it asked AIIMS to carry out the procedure, she said that without that, the women would depend on unqualified practitioners or quacks risking their lives.

Justice Nagarathna flagged a societal trend related to the rise of unwanted pregnancies among minors. She noted that by the time families come to know and overcome the shock to make a decision, the term often reaches the seven-month mark, creating a legal and medical crisis. "The shock of the girl who is not married and is a minor having become pregnant, and the decision of the family on what to do... This is a mischief. Either a lacuna in the law and tendency in the society. Somebody has to answer it," she said.

एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर कर रहा सीवेज!

दिल्ली, मुंबई, चेन्नै और कोलकाता के सीवेज पर की गई रिसर्च में हुआ खुलासा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

भारतीय शहरों का गंदा पानी अब सिर्फ प्रदूषण की समस्या नहीं रह गया। यह एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ बढ़ते प्रतिरोध का स्रोत भी बन रहा है। यानी सीवेज अब एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करने का जरिया बन रहा है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नै और कोलकाता के सीवेज पर किए गए एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि सीवेज में ऐसे जीन मौजूद हैं जो बैक्टीरिया को दवाओं के खिलाफ अधिक मजबूत बना रहे हैं। यह रिसर्च सीएसआईआर के सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, नैशनल एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों ने की है। इसे अप्रैल 2026 में जारी किया गया है। रिसर्च में 2022 से 2024 के बीच 19 स्थानों से 447 सीवेज सैंपलों की जांच की गई। इसमें हर शहर में बैक्टीरिया की संरचना अलग-अलग मिली।

AI Image

एंटीबायोटिक प्रतिरोधी जीन सभी जगह मिले

रिसर्च में पता चला कि एंटीबायोटिक प्रतिरोधी जीन सभी शहरों में समान रूप से फैले हुए हैं। इसमें 53 से 70 प्रतिशत सूक्ष्मजीव ऐसे हैं, जिन्हें पहले कभी पहचाना ही नहीं गया। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ये प्रतिरोधी जीन तेजी से फैल सकते हैं। इससे दवा प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है।